हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चंद्रशेखर आजाद के जीवन से शिक्षा मिलती है कि अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का संकल्प ही सच्ची वीरता है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने इस वर्ष 52 सप्ताहों में भारतीय रेलवे में 52 सुधार करने के संकल्प के अंतर्गत दो और सुधारों की घोषणा की है। राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने तीसरे सुधार, रेल प्रौद्योगिकी नीति का अनावरण किया । इसका उद्देश्य रेलवे में प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर अपनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का लक्ष्य रेलवे में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नवोन्मेषकों, स्टार्टअप, उद्योग और संस्थानों को शामिल करना है। रेल मंत्री ने कहा कि यह नीति इस बात को ध्यान में रखते हुए लाई गई है कि यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने के लिए कृत्रिम मेधा -एआई का उपयोग कैसे किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि एआई और अन्य तकनीकों का उपयोग रेलवे ट्रैक के मापदंडों की जांच के लिए किया जा सकता है।श्री वैष्णव ने नवाचार के लिए रेल प्रौद्योगिकी पोर्टल का अनावरण भी किया। चौथे सुधार में उन्होंने ई-रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल -आरसीटी की घोषणा की, जो एक नागरिक केंद्रित सुधार और डिजिटल समाधान है, जिसे रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल में अदालती मामलों की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे 23 आरसीटी बेंचों में दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता में सुधार होगा। इससे पहले श्री वैष्णव ने बेहतर ऑन-बोर्ड सेवाओं और नए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बेहतर सुविधाओं वाले अधिक गति शक्ति कार्गो टर्मिनलों सहित दो सुधारों का अनावरण किया था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में विधायक राम कुमार कश्यप द्वारा वीबी जी- राम-जी पर लाए गए प्रस्ताव पर बोलते हुए कांग्रेस पर राम विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री राम भारत की आत्मा हैं और राष्ट्र की संस्कृति का आधार हैं। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस हमेशा राम के नाम को लेकर विरोध करती है। इनके बड़े नेताओं ने राम सेतु पर भी आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष के सदस्य सदन में चर्चा करने की बजाय लोगों के बीच में जाकर झूठ बोलते हैं। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ एक निंदा प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा गरीब के हित का प्रस्ताव लाया गया और कांग्रेस सुनने के लिए तैयार ही नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर भारत – जी राम जी किया गया है। इसके तहत 100 दिन के कार्य दिवस की सीमा को बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। परंतु कांग्रेस श्रमिकों में योजना को लेकर भ्रामक प्रचार कर रही है। जबकि वीबी जी राम जी के तहत कार्यों का भी विस्तार किया गया है, जिससे श्रमिकों को अधिक काम मिलेगा। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ दिन पहले विपक्ष ने श्रमिकों के साथ अन्याय के बैनर लिए सड़क पर प्रदर्शन किया, जिस पर उच्च न्यायालय ने भी रास्ता बंद करने का संज्ञान लिया। कांग्रेस

श्रमिकों को गुमराह करने की बजाए चर्चा में भाग लेकर बताती कि मनरेगा के मजदूरों के साथ क्या अन्याय हुआ है। अश्विनी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरक ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा में विकसित भारत – रोजगार एवं आजीविका गारंटी योजना पर लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा का कांग्रेस द्वारा किया गया विरोध दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि कांग्रेस का रवैया प्रदेश हित में न हो कर स्वार्थपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश सरकार ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार देने की पहल कर रही है। इस विषय पर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट करना श्रमिकों के प्रति उनकी नीयत पर सवाल खड़े करता है।

श्री खरक ने कहा कि कानून न्यूनतम 100 दिन के रोजगार की गारंटी देता है, लेकिन राज्य सरकार अपने संसाधनों से अतिरिक्त रोजगार देने के लिए स्वतंत्र है। हरियाणा सरकार का प्रस्ताव इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मनरेगा के तहत लाखों ग्रामीण परिवार पंजीकृत हैं। यदि 25 दिन अतिरिक्त रोजगार दिया जाता है, तो प्रति परिवार लगभग 8,000 रुपए से अधिक की अतिरिक्त वार्षिक आय होगी। अनुमान के अनुसार 3 लाख परिवारों को 25 दिन अतिरिक्त कार्य देने पर लगभग 250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान राज्य को करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह वित्तीय जिम्मेदारी उठाने को तैयार है, क्योंकि सरकार के लिए गरीब का हित सर्वोपरि है।